रणजीत टाइम्स
इंदौर
सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025
वर्ष 01 | अंक 266 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# छठ महापर्व का शुभारंभ

## आज दिया जाएगा पहला अर्घ्य

**विशेष संवाददाता**

इंदौर। पूरे देश के साथ-साथ मध्य प्रदेश और इंदौर में भी लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा शनिवार से 'नहाय-खाय' के साथ आरंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने अपने घरों की सफाई कर पवित्र स्नान किया और फिर मिट्टी के चूल्हे पर लौकी की सब्जी, चने की दाल और चावल बनाकर सात्विक भोजन ग्रहण किया। इसी के साथ छठ महापर्व की पावन शुरुआत हुई।

### लौकी-चावल से होती है शुभ शुरुआत


ड्रीम सिटी निवासी सुषमा झा ने बताया कि परंपरा के अनुसार छठ व्रत 'नहाय-खाय' से शुरू होता है। लौकी को सात्विक और पवित्र माना गया है। यह शरीर को ऊर्जा प्रदान करती है और पाचन के लिए भी हल्की होती है। इसलिए व्रत का पहला भोजन लौकी-चावल से किया जाता है, ताकि आगे के उपवास के दौरान शरीर ऊर्जावान रहे।

### खरना के साथ आज शुरू होगा 36 घंटे का निर्जल उपवास

रविवार को व्रतधारी 'खरना' मनाएंगे। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को मिट्टी के चूल्हे पर गन्ने के रस में बनी खीर, दूध-चावल का पिट्ठा और घी लगी रोटी बनाकर सूर्य भगवान को अर्पित करेंगे। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती 36 घंटे के कठिन निर्जल उपवास का संकल्प लेंगे।

### पूरे शहर में छठ घाटों पर उमड़ेगी आस्था

इस बार शहर में करीब 200 घाटों पर छठी मैया की पूजा की जाएगी। प्रमुख स्थानों में विजय नगर, तुलसी नगर, समर पार्क, निपानिया, देवास नाका, मांगल्या, स्कीम 78, सुखलिया, श्याम नगर एक्सटेंशन, शंखेश्वर सिटी, टिगरिया बादशाह, सूर्य मंदिर कैट रोड, सिलिकॉन सिटी, कालानी नगर, पिपलियाहना तालाब, सिरपुर तालाब आदि शामिल हैं। पूर्वांचल विशेषकर बिहारी समुदाय के श्रद्धालु सूर्य देव से परिवार, समाज और देश की खुशहाली की कामना करेंगे।



### महिलाएं सजाएंगी सूप और टोकरी में प्रसाद

तुलसी नगर निवासी शारदा सिंह, जो पिछले कई वर्षों से अपने परिवार और समाजजनों के साथ छठ पूजा करती हैं, ने बताया कि खरना के अगले दिन सुबह से महिलाएं ठेकुआ, गुजिया, पूड़ी, पुआ जैसे पारंपरिक पकवान मिट्टी के चूल्हे पर बनाती हैं। इन्हें सूप और टोकरी में फल, नारियल और दीपक के साथ सजाकर घाट ले जाया जाता है। शाम को व्रती कमर-भर पानी में खड़े होकर सूर्यास्त के समय संध्या अर्घ्य देती हैं। 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य, 28 को उगते सूर्य को समर्पण सोमवार, 27 अक्टूबर को छठ पर्व के तीसरे दिन व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। महापर्व का समापन मंगलवार, 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने और परिवार की मंगलकामना के साथ होगा।

### प्रकृति और सूर्य उपासना का महापर्व

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान मध्य प्रदेश के अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह और महासचिव के. के. झा ने कहा कि छठ महापर्व पूरी तरह प्रकृति और सात्विकता की उपासना का प्रतीक है। इसमें हर वस्तु प्राकृतिक होती है — प्रसाद से लेकर पूजा सामग्री तक। व्रती सूर्य भगवान की आराधना करते हैं और बांस के सूप में मौसमी फल जैसे गन्ना, सुथनी, केला, सेब, अनार, नारियल आदि चढ़ाते हैं। यह पर्व मानव और प्रकृति के अटूट संबंध का प्रतीक है।

### छठ पर्व पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

**पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान ने मध्य प्रदेश सरकार से छठ पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। संस्था का कहना है कि प्रदेश में लाखों श्रद्धालु इस पर्व को मनाते हैं और अवकाश मिलने से वे इसे और अधिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मना सकेंगे।**

# सहजयोग आज का महायोग



### जीवन यज्ञ में स्वाहा से स्वधा की यात्रा ही भवसागर से मुक्ति है

परमात्मा से भवसागर से पार कराने की विनती हम अक्सर भजनों में सुनते रहते हैं। तथा अधिकांश व्यक्ति यह सोचते हैं कि मृत्यु के समय हमें भवसागर को पार कर जाना होगा। परन्तु वास्तविकता यह है कि भवसागर को जीवित जागृत अवस्था में ही पार किया जा सकता है। मनुष्य का शरीर स्वयं में एक संपूर्ण ब्रह्मांड है। हमारे शरीर में अनेक चक्रों, नाड़ियों व कुंडलिनी शक्ति को अत्यंत ही सुंदर व सूक्ष्म तरीके से व्यवस्थित किया गया है। इसमें आत्मा श्री शिव का व कुंडलिनी श्री आदिशक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। ज्ञान के अभाव में हमारी चेतना सांसारिक वस्तुओं व भौतिकता की ओर अधिक आकृष्ट होती है और हम प्रत्येक सांसारिक वस्तु का उपयोग करना चाहते हैं और यही भवसागर में डूबने का कारण है। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी ने वर्णन किया है कि, श्री कृष्ण ने कहा है कि मानव चेतना नीचे की ओर जाती है और मानव चेतना की जड़ें मस्तिष्क में होती हैं। और जब मनुष्य नीचे की ओर जाने लगता है तो वह परमात्मा के विपरीत दिशा में गति करता है। हम.... भवसागर में पैदा होते हैं.. भवसागर का सार स्वाहा है और उद्देश्य स्वधा है। स्वाहा का अर्थ है सेवन, सभी विषों का सेवन, हर चीज का सेवन। और स्वधा एक है। इसका अर्थ है कि स्व आत्मा है और ध का अर्थ है धारण करने वाला। तो आत्मा का धर्म, जब यह आप में आता है, तब आप गुरु बन जाते हैं। तो भवसागर में, यह स्वाहा और स्वधा दोनों हैं। स्वाहा से आपको स्वधा में जाना होगा। यदि आप स्वधा अवस्था में आ जाते हैं तो आपके भीतर महालक्ष्मी जागृत हो जाती हैं और आप ऊपर उठने लगते हैं। इसे 'उर्ध्वगति' कहा जाता है: उत्थान की ओर जाना। अवरोही पक्ष को 'अधोगति' कहा जाता है। आदिशक्ति स्वरूपा श्री माताजी गुरुओं की भी गुरु हैं वे उनके द्वारा स्थापित सहजयोग मानव को भवसागर के पार ले जाने का अत्यंत सुगम मार्ग है। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने के पश्चात् आप अपने गुरुत्व के मार्गदर्शन में माया के बंधनों से मुक्त रहकर स्वधा को प्राप्त करने हेतु अग्रसर होते हैं। इतना ही नहीं वरन् आत्म ज्ञान के प्रकाश में कुंडलिनी शक्ति की ऊर्जा द्वारा प्रेममय व करुणामय तरीके से अनेकानेक साधकों को स्वाहा से स्वधा की ओर ले जा कर भवसागर से मुक्ति का मार्ग दिखा सकते हैं। भवसागर से मुक्ति का अर्थ संसार का त्याग नहीं वरन् संसार का उपभोग करते हुए सृष्टि की संपदा का आनंद लेते हुए उससे अलिप्त रहना है। यही सहजयोग है। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# रणजीत टाइम्स के 10 वर्ष पूरे होने पर झाबुआ कलेक्टर और आईजी इंदौर ग्रामीण ने दी बधाई

**झाबुआ - राजेश सोनी**

रणजीत टाइम्स अखबार ने अपनी सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता के 10 वर्ष पूरे कर लिए है। इस अवसर पर रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से झाबुआ कलेक्टर नेहा मीणा और आईजी इंदौर ग्रामीण अनुराग कुमार को "माता अहिल्या - न्याय, सेवा और शौर्य की प्रतिमूर्ति" की प्रतिमा भेंट की गई। झाबुआ कलेक्टर नेहा मीणा और आईजी अनुराग कुमार ने रणजीत टाइम्स की सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता की प्रशंसा करते हुए कहा, "रणजीत टाइम्स ने अपने 10 वर्षों के सफर में पत्रकारिता के उच्च मानकों को स्थापित किया है। अखबार की टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

रणजीत टाइम्स के संपादक ने कहा, हमारी सफलता का एकमात्र उद्देश्य है - पाठकों का विश्वास और समर्थन। हम अपने पाठकों के लिए हमेशा सच्ची और निष्पक्ष खबरें लाने का प्रयास करते है। और पाठकों के इसी विश्वास से सफल 10वर्षो का सफर पूरा हुआ है। रणजीत टाइम्स ने अपने 10 वर्षों के सफर में मध्यप्रदेश में पत्रकारिता





के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अखबार की टीम ने इस उपलब्धि के लिए अपने पाठकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।

**विशेष मैगज़ीन का विमोचन**

रणजीत टाइम्स अखबार ने अपने सफल 10 वर्ष पूरे कर लिए, इसकी उपलब्धियों के लेकर पाठकों के लिए एक विशेष मैगज़ीन तैयार की गई है। इस मैगज़ीन का विमोचन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा किया जाएगा।

यह मैगज़ीन रणजीत टाइम्स के 10 वर्षों के सफर और उपलब्धियों का विस्तृत वर्णन करेगी।

**एक उद्देश्य :**

केंद्र में पाठक इसलिए रणजीत टाइम्स नंबर 1 - यह नारा रणजीत टाइम्स की पाठक-केंद्रित नीति को दर्शाता है। अखबार की टीम ने भविष्य में भी अपने पाठकों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया है।

# रणजीत टाइम्स के 10 वर्ष पूरे होने पर भाजपा प्रदेश मंत्री संगीता सोनी ने दी बधाई



**रणजीत टाइम्स : झाबुआ**

रणजीत टाइम्स अखबार ने अपनी सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता के सफल 10वर्ष पूरे कर लिए है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री संगीता सोनी ने रणजीत टाइम्स की सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता की प्रशंसा करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से पुनः भाजपा प्रदेश मंत्री बनने पर संगीता सोनी को "माता अहिल्या - न्याय, सेवा और शौर्य की प्रतिमूर्ति" की प्रतिमा भेंट की गई। प्रदेश मंत्री संगीता सोनी ने कहा, "रणजीत टाइम्स ने अपने 10 वर्षों के सफर में पत्रकारिता के उच्च मानकों को स्थापित किया है। अखबार की टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। रणजीत टाइम्स के संपादक ने कहा, हमारी सफलता का एकमात्र उद्देश्य है - पाठकों का विश्वास और समर्थन। हम अपने पाठकों के लिए हमेशा सच्ची और निष्पक्ष खबरें लाने का प्रयास करते हैं और पाठकों के इसी विश्वास से सफल 10 वर्षों का सफर पूरा हुआ है।

एक उद्देश्य : केंद्र में पाठक इसलिए रणजीत टाइम्स नंबर 1 यह नारा रणजीत टाइम्स की पाठक-केंद्रित नीति को दर्शाता है। अखबार की टीम ने भविष्य में भी अपने पाठकों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया है।

# मालेगांव ब्लास्ट के फैसले के बाद स्वामी असीमानंद जी का प्रथम देपालपुर आगमन



**दरबार सिंह ठाकुर**

**देपालपुर।** अजमेर , हैदराबाद मक्का मस्जिद, समझौता एक्सप्रेस, मालेगांव सहित देश के कई हिस्सों में हुए बम ब्लास्ट में षड्यंत्र पूर्वक मुख्य आरोपी बनाए गए स्वामी असीमानंद जी आखरी मालेगांव ब्लास्ट केस के फैसले के बाद देपालपुर आए और कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका उत्साह वर्धन किया , एवम कार्यकर्ताओं को निस्वार्थ रूप से देश - धर्म कार्य करने के लिए प्रेरित किया ।।

**कोन है स्वामी असीमानंद**

स्वामी असीमानंद उर्फ नवा कुमार सरकार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ट कार्यकर्ता हैं, आपने वनवासी कल्याण आश्रम का काम कर के 1 लाख से अधिक हिंदुओं की घरवापसी करवाई और शबरी कुंभ गुजरात भी आपकी अगुवाई में हुआ था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने षड्यंत्र पूर्वक हिंदू आतंकवाद का झूठा आरोप लगाकर आपके ऊपर कई बम ब्लास्ट का झूठा आरोप लगाया। जिसमे अभी मालेगांव ब्लास्ट में आप बरी हुए हैं ।। देपालपुर आगमन पर हितेश जी पाठक, देवेंद्र जी माली , राहुल जी पांचाल , भरत जी गौड़ , काशी जी , जस्सू जी चौधरी समेत कई हिंदुवादियो ने स्वामी जी का भव्य स्वागत किया ।। स्वामी जी के साथ संघ के पूर्व प्रचारक देवेंद्र जी गुप्ता का भी नगर में प्रवास हुआ ।।

# राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सिमरन संजय यादव ने किया देपालपुर का नाम रोशन



**दरबार सिंह ठाकुर**

देपालपुर – मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में देपालपुर की होनहार खिलाड़ी सिमरन संजय यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। सिमरन की इस उपलब्धि से न केवल देपालपुर बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ा है। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से आई प्रतिभाशाली महिला पहलवानों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। ऐसे में सिमरन ने अपने दमदार दांव-पेंच और उत्कृष्ट खेल कौशल से निर्णायकों व दर्शकों को प्रभावित किया।

जीत के बाद सिमरन ने अपने माता-पिता, कोच और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता निरंतर अभ्यास, अनुशासन और परिजनों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आगे राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश और जिले का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

# सहजयोग द्वारा बच्चों में सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास संभव है

'सहजयोग' आज के आपाधापी वाले व्यस्त, और असंतुलित वातावरण में एक महायोग के रूप में स्थापित हो रहा है। सहजयोग में हम हमारा स्थूल शरीर जो पंचज्ञानेन्द्रिय और कर्मेंद्रियों से बना है,को किस प्रकार संतुलित व नियंत्रित किया जाए इसकी दिव्य कला सीखते हैं। हम हमारे जीवन मे विविध समस्याओं से घिरे रहते हैं इनके कारण क्या हैं हम नहीं समझ पाते। हमारे सभी प्रश्नों का उत्तर हमें सहजयोग में मिल जाता है। आज के लेख मे हम बात करते हैं, सहजयोग ध्यान विद्या विद्यार्थियों को क्यों सिखाई जाए ? मराठी में कहते हैं, 'मुलं म्हणजे देवाघरची फुल'। हाँ बच्चे भगवान का रूप होते हैं क्योंकि वे तथाकथित षडरिपुओं से ( काम क्रोध, मोह, माया, मत्सर, ) से दूर होते हैं, अबोध होते हैं और वर्तमान में जीते हैं, इसलिये उनमें एक आकर्षक चुंबकीय व्यक्तित्व पाया जाता है। लेकिन जैसे ही वे बड़े होने लगते हैं तो सांसारिक भौतिकता उनके अंदर प्रवेश करने लगती है। और जीवन में असंतुलन का प्रारंभ होने लगता है। सहजयोग का



अभ्यास यदि बचपन में ही सिखाया जाए तो यह संस्कार उनके बालमन पर अमिट छाप छोड़ देगा। और वे बच्चे जीवन मे आनंदी, संवेदनशील और यशस्वी भावी नागरिक बनेंगे।

जो किशोर व युवा हैं आज के परिप्रेक्ष्य में यदि हम इन पर नजर डालते हैं तो पाते हैं कि कोरोना काल के बाद बच्चों की रूचि टीवी, मोबाइल आदि में बढ़ गई है तथा, पढ़ाई मे थोड़े पिछड़ गये हैं। उन्हें संभालना और उन्हें अच्छे संस्कार देना अध्यापक व अभिभावक दोनों के लिए एक एक चुनौती है। सहजयोग ध्यान द्वारा छात्रों की अनेक समस्यायों का समाधान संभव है व अनेक प्रतिष्ठानों द्वारा इसे अपनाया भी जा रहा है। सहजयोग ध्यान न केवल अपने चित्त को शांत और एकाग्र करता है, अपितु ध्यान हमें विवेक, सृजनशीलता, अबोधिता, धीरज, समाधान, आत्मविश्वास, निडरता, वाणीमाधुर्य, व्यवहारिक चतुरता, क्षमाशीलता, प्रेमपूर्ण सहृदयता आदि अनेक गुणों से अलंकृत करता है। हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो तथा वे जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सफल हों सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् यह सहज ही हो जाता है। सहजयोग पूर्णतः निशुल्क है। इसके अनुभव का एक अवसर स्वयं को तथा अपने बच्चों को अवश्य प्रदान करें। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 , यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा

# उपजेल पिछोर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के माध्यम से वंदियों की समस्याओं को सुना और किया निराकरण

**सभी बंदियों के साथ दीपावली मिलन समारोह मनाते हुए मिठाई एवं कपड़े भी वितरण किए**

**दैनिक रणजीत टाइम्स संवाददाता**

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) उपजेल पिछोर में 25 अक्टूबर शनिवार को अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे सिविल न्यायालय पिछोर के न्यायाधीशगण अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल, एवं उनकी पत्नी श्रीमती अग्रवाल मैडम, सहित पुत्रगण, जिला न्यायाधीश पिछोर किशोर कुमार गहलोत सहित पुत्र, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर विकास विश्वकर्मा, उपजेल पिछोर के जेलर अमरनाथ कटियार सहित जेल का समस्त स्टाफ एवं विधिक सेवा समिति कर्मचारी धर्मेन्द्र राजोरिया, पैरा लीगल वालंटियर भानु प्रताप, तथा न्यायालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि उपस्थित थे !

इसके साथ ही विधिक साक्षरता शिविर



कार्यक्रम के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना गया और उनका समाधान भी किया गया। इसके पश्चात न्यायाधीश अग्रवाल द्वारा अपने पुत्र के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में उपजेल पिछोर में सभी बंदियों को कपड़े एवं मिठाई वितरण की गई एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम के दौरान जेल में 93 बंदी उपस्थित थे ! इन सभी बंदिया के बीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया !

# पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने भारतीय अभिनेता सलमान खान को आतंकवादी घोषित कर दिया है



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बयान से बिलबिलाए पाकिस्तान ने उन्हें आतंकी घोषित कर दिया है। हाल में ही सलमान खान ने सऊदी अरब में एक कार्यक्रम में बलूचिस्तान को अलग देश बताया था। इसके बाद शहबाज शरीफ सरकार बुरी तरह चिढ़ गई। इसके बाद अब शहबाज शरीफ की सरकार ने आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए उन्हें आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत आतंकी घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने उनका नाम चौथे शेड्यूल में शामिल किया है।

## पिछोर में 28 अक्टूबर को परशुराम मंदिर पर अन्नकूट

दैनिक रणजीत टाइम्स



जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर परशुराम मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 अक्टूबर मंगलवार को विशाल अन्नकूट प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष रामकिशोर तिवारी ने बताया कि भगवान परशुराम मंदिर पर 28 अक्टूबर मंगलवार को सायंकाल 5 बजे से रात्रि के समय तक अन्नकूट प्रसाद वितरण किया जाएगा इस अवसर पर भगवान परशुराम का श्रृंगार किया जाएगा वही शाम को महा आरती के बाद भोग लगाया जाएगा फिर अंकुर वितरण किया जाएगा जिसमें पिछोर क्षेत्र की समस्त जनता से आग्रह है कि भगवान परशुराम के दर्शन कर प्रसाद का लाभ लें।

# इंदौर फेंसिंग तलवारबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ



इंदौर। अभिनव कला समाज गांधी हाल में इन्दौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 22 वीं इन्दौर जिला फेंसिंग तलवारबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ ओम सोनी उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के मुख्य आतिथ्य में तथा अनिल गुप्ता जिला क्रीड़ा अधिकारी, शिक्षा विभाग इंदौर स्कूल की अध्यक्षता में असिता शर्मा डायरेक्टर मशवरा वेलफेयर सोसाइटी और विपिन गांधी अध्यक्ष फेडेरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज अंतराष्ट्रीय संगठन के विशेष आतिथ्य में का शुभारंभ किया गया।

संचालन अब्दुल राशिद ने किया तथा मास्टर सईद आलम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत अनफाल अंसारी, शिनम खान, सोफिया अहमद , अहद खान ने किया। बालक वर्ग में विजेताओं के नाम इस प्रकार से है अभ्युदय सिंह चौहान, नमीष गुजराती, ईशान चापावत , तोहिद, अबूबकर, जैद नवाज, जयदीप वर्मा, अल्तमस, हमजा इमरान खान, हमजा अब्दुल, लवनीश खन्ना, अजलान अब्बासी, मोइन खान, हुजैफा राजावत, अहद खान अमान खान, अतहर खान अबीर अग्रवाल, शान नवाज, परम तुरखीआ, आहिल अहमद अमन चौधरी और फैजान खान।

# पत्रकारों पर हमला करने वाले आरोपियों का आपराधिक इतिहास उजागर

इंदौर के मऊ में पत्रकारों के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों में से एक ऋषभ वर्मा, जो घटना के दौरान कुर्सी पर बैठा दिखाई दे रहा था, का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, ऋषभ वर्मा पर पहले भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि मऊ में हुए दंगों के दौरान भी इस पर पत्थरबाजी और आगजनी में शामिल होने के आरोप लगे थे। दूसरा आरोपी स्वयं वर्मा, पिता भैया वर्मा उर्फ भैया फिट, के खिलाफ भी पुलिस रिकॉर्ड मौजूद बताया जा रहा है। आरोप है कि उसने एक गरीब किराना व्यापारी की दुकान और ऑटो रिक्शा को आग के हवाले कर दिया था। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी में है।




## लखन देपाले इंदौर वाले द्वारा भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान परमार जी,का स्वागत बड़ी धूमधाम मनाया




पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव

आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, इंदौर में अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज जी परमार एवं भाजपा नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा जी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान परमार जी, प्रदेश महामंत्री श्री गौरव रणदिवे जी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री निशांत जी खरे का भाजपा नेता श्री लखन देपाले इंदौर वाले द्वारा उत्साहपूर्वक ढ़ोल नगाड़ो के साथ स्वागत एवं अतिथि सत्कार किया गया। इसी मौके पर रवि मकवाना दिनेश जी कुलपारे,रवि सोलंकी,धर्मेंद्र कुंवाल, रोहित सिसोदिया धर्मेंद्र अहीरवाल, संदीप भाई रोहित कोसे, राहुल देपाले, दशरथ कोट हिमांशु गवलाने,के साथ सेंकड़ो की संख्या में साथीगण उपस्थित थे।

# एमजीएम मेडिकल कॉलेज में दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन





**राजेश धाकड़**

इंदौर। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं पेंशनर एसोसिएशन के तत्वावधान में एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर में दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवा, शिक्षा और मानव अधिकारों से जुड़े कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिससे समारोह की गरिमा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी शैलेश त्रिपाठी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, मंच पर योगेंद्र महंत, महेश पटेल (अध्यक्ष), सुनील गौतम (प्रदेश अध्यक्ष), सविता मालवीय, शंभुनाथ मिश्रा, ॐ राजपूत (प्रदेश महामंत्री) तथा एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया उपस्थित रहे।



दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए संगठन के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर योगेंद्र महंत को संगठन में नई जिम्मेदारी (दायित्व) भी सौंपी गई। उपस्थित सदस्यों ने उनके दायित्व ग्रहण करने पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ समाजसेवी शैलेश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि "दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि समाज में एकता, प्रेम और सहयोग का संदेश देने का अवसर है। मानव अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक व्यक्ति के भीतर सेवा और संवेदना की भावना हो।" कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों व सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। मधुर भजनों और स्नेहिल वातावरण ने समारोह को यादगार बना दिया। एमजीएम मेडिकल कॉलेज में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मंचासीन अतिथि-शैलेश त्रिपाठी, योगेंद्र महंत, महेश पटेल, सुनील गौतम, सविता मालवीय, शंभुनाथ मिश्रा, ॐ राजपूत एवं डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया।

# भोपाल में 'मीडिया संवाद एवं दीपावली मिलन' कार्यक्रम

## विधायिका और पत्रकारिता के बीच लोकतांत्रिक संवाद का सशक्त मंच

### अलोकतंत्र के दो स्तंभ एक मंच पर: सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब का मीडिया संवाद एवं दीपावली मिलन"* मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ भोपाल में सशक्त मीडिया संवाद




भोपाल : राजधानी के होटल लेक व्यू अशोका में रविवार को सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब (पब्लिक ट्रस्ट) द्वारा आयोजित "मीडिया संवाद एवं दीपावली मिलन" कार्यक्रम में प्रदेशभर के पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस वर्ष का विषय था "विधायिका एवं पत्रकारिता - लोकतंत्र के दो प्रमुख आधार स्तंभ।" कार्यक्रम लोकतंत्र की मजबूत जड़ों और पारदर्शी संवाद का प्रतीक बना।

मुख्य अतिथि, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का प्रहरी है और जब विधायिका और मीडिया साझा मंच पर संवाद करते हैं, तब लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होती हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल सूचना देने वाला नहीं है, बल्कि समाज का विचार निर्माता है और उसकी कलम जनता और सत्ता के बीच सशक्त सेतु का काम करती है। नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार ने कहा कि पत्रकार सच्चाई तक पहुँचने के लिए वही मेहनत करता है, जो एक वकील तर्क जुटाने में और जासूस सबूत ढूँढने में करता है। मीडिया लोकतंत्र की आवाज़ है और निष्पक्ष पत्रकारिता ही जनप्रतिनिधियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार और ट्रस्टी श्री एन.के. सिंह ने प्रेस क्लब के स्थायी भवन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से प्रेस क्लब सक्रिय है, लेकिन आज तक इसका कोई स्थायी भवन नहीं है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उमंग सिंघार ने तत्काल घोषणा की कि सभी भोपाल विधायक पाँच-पाँच लाख रुपये देंगे, ताकि 15 दिनों के भीतर प्रेस क्लब भवन का निर्माण शुरू हो सके। इस ऐतिहासिक घोषणा के बाद सभागार तालियों से गूँज उठा।

मंचासीन अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। श्री अरविंद शर्मा, प्रमुख सचिव विधानसभा ने पत्रकारिता को तथ्यों की तपस्या बताया और कहा कि निष्पक्ष रिपोर्टिंग ही लोकतंत्र का तापमान संतुलित रखती है। विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने पत्रकारों को समाज का आईना बताया और कहा कि उनकी निष्पक्षता लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखती है।

विधायक श्री भगवानदास सबनानी, विधायक ने पत्रकारिता की पारदर्शिता और जनहित में भूमिका की सराहना की। श्री अवधेश प्रताप सिंह, मानव अधिकार आयोग सदस्य ने कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है और पत्रकार मानवाधिकारों के प्रहरी है । श्री आशीष अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा कि दीपावली का असली संदेश अंधकार मिटाना है और पत्रकार की कलम वह दीपक है जो विचारों के अंधकार को दूर करती है। कांग्रेस विचार विभाग के प्रमुख श्री भूपेंद्र गुप्ता ने कहा "लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन संवाद अनिवार्य है। मीडिया को संतुलित दृष्टिकोण पेश करना चाहिए।" श्री विजय कुमार दास, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेस क्लब ने क्लब को पत्रकारों का परिवार बताया और कहा कि उनका उद्देश्य प्रदेश के हर जिले में पत्रकारों को साझा मंच और सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। श्री गोविंद गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में मीडिया और विधायिका के रचनात्मक समन्वय को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताया और प्रेस क्लब की 55 नई जिला अध्यक्षों की घोषणा की। समारोह के अंत में दीपावली मिलन कार्यक्रम हुआ, जिसमें पत्रकारों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और आयोजन समिति ने सभी मेहमानों के लिए स्नेहिल भोज की व्यवस्था की।

यह मिलन समारोह केवल उत्सव नहीं, बल्कि विधायिका और पत्रकारिता के बीच विश्वास और सहयोग का प्रतीक बना। उमंग सिंघार द्वारा क्लब भवन निर्माण के लिए दिए गए आर्थिक सहयोग का वचन पत्रकारिता की आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन नेशनल कोऑर्डिनेटर श्री राजेश भाटिया ने किया। उन्होंने अंत में कहा, "पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रतिबद्धता है। जब विधायिका और मीडिया मिलकर लोकतंत्र के लिए काम करते हैं, तभी समाज में बदलाव और जनहित की वास्तविक अनुभूति होती है। सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब का यह प्रयास पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद, सहयोग और आपसी विश्वास की मिसाल है। उन्होंने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया । "

रणजीत टाइम्स
इंदौर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025



# विभिन्नता को स्वीकारें



**हमारे आसपास हर तरह के लोग हैं। यदि सभी की विशेषताओं को समझा जाए और उसके अनुरूप व्यवहार किया जाए तो जीवन में अधिक समस्या नहीं आएगी...**

आप दूसरों को समझ पाए हैं? संसार में दूसरों के साथ आपका संबंध कैसा है? यह आपके जीवन की गुणवत्ता का निर्णय करने वाले घटकों में प्रमुख स्थान रखता है। यहां आपका नाना प्रकार के लोगों से पाला पड़ता है। एक छोटे से चौकोर कमरे में केवल एक सहयोगी के साथ बैठकर काम करना पड़े तो समस्याओं से निपटना आसान होता है, लेकिन सैकड़ों कर्मचारियों को निभाने की नौबत आने पर आपको कई विचित्र अनुभव मिलेंगे। भले ही आप प्रमुख व्यक्ति हों। यदि आप चाहते हैं कि सभी कर्मचारी आपको समझें और आपके मन के अनुसार काम करें तो इसमें आपको भारी निराशा ही हाथ लगेगी। यह स्थिति इसलिए पैदा नहीं हुई कि दूसरे लोग आपको समझ नहीं पाए, बल्कि इसलिए उत्पन्न हुई कि आप दूसरों को समझ नहीं पाए। कर्मचारियों से ही क्यों, निकट के कई संबंधियों से भी कई बार आपको निराशा मिली होगी। आपको सबको समझना होगा और उसी के अनुरूप व्यवहार करना होगा। यह समझ कई बार दूसरी दिशा में चली जाती है, तब समस्या होती है। एक बार किसी महिला ने महीनों तक 'कोमा' की स्थिति में चले गए अपने पति की निष्ठा और लगन से सेवा-टहल की। जब पति कोमा से बाहर आया, उसने अपनी पत्नी से कहा,



## थाना करैरा पुलिस द्वारा 315 बोर देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमन सिंह राठौड जी के द्वारा अवैध हथियार से अपराध की नियत से घूमने वालो के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देश दिये गये है जिसमें श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी महोदय डॉ आयुष जाखड़ जी के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिहं छावई एव उनकी टीम के द्वारा लगातार मुखबिर मामूर कर दविश देकर कार्यवाही की जा रही है । अभियान के क्रम मे दिनांक 26.10.2025 को थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि, पीएम हाऊस बाले रास्ते पर कुम्हरपुरा के पास एक लडका अवैध हथियार लिये अपराध करने की नियत से खडा है ।उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पीएम हाऊस बाले रास्ते पर कुम्हरपुरा के पास पहुचे तो एक लडका मुखबिर के बताये हुलिया का खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेर कर पकडा नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राज यादव पुत्र चन्द्रभान सिह यादव उम्र 19 साल निवासी ग्राम वहेरा थाना दिनारा हाल निवास मंडी के पास करैरा थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया जिसकी जामा तलाशी लेने पर कमर मे दाहिनी तरफ एक 315 बोर का कट्टा खुरसे मिला तथा एक जिन्दा कारतूस मिला, कट्टा एवं कारतूस रखने का बैध लायसेंस चाहा तो नही होना बताया यह कृत्य अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से कट्टा एवं कारतूस को जप्त किया गया आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 754/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

# इंदौर छत्रिपुरा थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने की बड़ी कार्यवाही

शहर में अपराधियों के विरुद्ध सतत निगरानी अपराधों पर अंकुश लगाने संबंधित निर्देश पुलिस कमिश्नर इंदौर शहर संतोष सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर इंदौर शहर अमित सिंह द्वारा अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई एवं प्रभावी नियंत्रण करने हेतु निर्देश दिए पुलिस उपायुक्त ज़ोन 4 आनंद कलदागी विशेष अग्रवाल एसीपी महोदय सराफा हेमंत चौहान के द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की थाना प्रभारी छतरीपुरा संजीव श्रीवास्तव के द्वारा टीम के साथ लगातार थाना क्षेत्र के अपराधियों व जिला बदरों पर कड़ी नजर रखी गई थाना प्रभारी छतरीपुरा संजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में उनि हजारीलाल मेहरा मय हमराह प्रधान आरक्षक 676 धर्मेंद्र पाठक आरक्षक 1472 भूपेंद्र के साथ रवाना हुए उन्हें मुखबिर से सूचना मिली की जिला बदर बदमाश विक्की पिता रोहित कुंडे जो कि ए.मो. जी लाइन कलाली के पीछे ख्याली राम वेघ के बगीचे में बैठा है बाद हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताए स्थान ए.मो.जी लाइन कलाली के पीछे ख्याली राम बेघ के बगीचे पहुंचे जहां पर एक व्यक्ति मुखबिर द्वारा बताए हुलिए का जिसने सफेद कलर की शर्ट एवं ब्लैक कलर का लोवर पहने खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमरही फोर्स की मदद से जाकर पकड़ा और नाम पता पूछते ही उसने अपना नाम विक्की पिता रोहित कुंडे उम्र 27 साल निवासी 7 सेठी नगर इंदौर का होना बताया आरोपी विक्की कुंडे को को उक्त आदेश का उल्लंघन करते हुए जिला बदर अवधि में थाना छतरीपुरा इंदौर क्षेत्र ए.मो.जी लाइन ख्यालीराम वेघ का बगीचे में पाया गया जो बदमाश का उक्त कृत्य 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाया जाने से मौके पर समक्ष पंच जी प्रधान आरक्षक 676 धर्मेंद्र पाठक आरक्षक भूपेंद्र सिंह आरोपी विक्की पिता रोहित कुंडे को गिरफ्तार किया गया उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजीव श्रीवास्तव उनि हजारीलाल मेहरा प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पाठक आरक्षक भूपेंद्र आरक्षक धर्मेंद्र सोनगरा आरक्षक हिमांशु की भूमिका सराहनीय रही।



जिला बदर आरोपी विक्की पिता रोहित कुंडे



थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में राजनीतिक उथल पुथल सवर्ण पंचायत में बुलाई गई उसमे निर्णय लिया कि दलितों का बहिष्कार कर दिया जाय

## इस फैसले को सुनकर मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह क्रोधित हो गये और बोले कि मध्यप्रदेश में एससी, एसटी एक्ट बंद कर दिया गया है?

**रिपोर्टर डॉ रामदत्त दीक्षित**

**रणजीत टाइम्स**

भिण्ड मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में एक गाँव सुरपुरा में दलितों व्दारा सवर्णों को झूठे मामले मे फंसाने के कारण दलित समाज का महापंचायत ने बहिष्कार कर दिया है

सवर्ण समाज ने बाकायदा- सवर्णों की महापंचायत बुलाकर यह निर्णय लिया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया गया है बहिष्कार की खबर जब कांग्रेस नेता पूर्व सीएम मध्यप्रदेश दिग्विजय सिंह को पता चली तो उन्हें इतना बुरा लगा कि यहां तक कह बैठे कि क्या मध्यप्रदेश मे एससी, एसटी एक्ट खत्म कर दिया गया है।



### दिग्विजय सिंह ने पोस्ट में लिखा है

उनहोंने कहा कि पहले मुसलमानों को बहिष्कृत करने की शपथ ली थी अब दलित एससी, एसटी समाज को बहिष्कार करने की शपथ ली है क्या? एमपी में एससी एसटी एक्ट लागू है या नहीं है पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं करती इस प्रकार से पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिसका कानून में प्रावधान है।

### सामाजिक और आर्थिक संबंध खत्म करने का संकल्प

आपको यह भी बता दें की ग्वालियर संभाग की भिंड जिले की सुरपुरा गांव में सवर्ण समाज ने महापंचायत में दलितों का सामाजिक बहिष्कार करने की शपथ ली है. समाज में जाटव समाज दलित से सामाजिक और आर्थिक संबंध खत्म करने का संकल्प लिया है. साथ ही दलितों को खेती बटाई पर भी जमीन नहीं देने का प्रण लिया है महापंचायत का यह निर्णय जब दिग्विजय सिंह को पता चला तो क्रोध में भर गए और अनाप-शनाप कहने लगे. उनका ऐसा ही है कभी कुछ कहते हैं कभी कुछ कहते हैं।

### अब आष पूरा मामला जान ले

पिछले समाचार में बताया गया है कि भिंड जिले के सुरपुरा गांव में दलित युवक को पेशाब पिलाने का मामला सामने आया है कुछ लड़कों ने दलित युवक के साथ मारपीट कर और उसे पेशाब पिलाया ऐसा कहना दलितों का है पर स्वर्ण लोग कह रहे हैं कि दलित समाज के लोग झूठा आरोप लगा रहे हैं. इसकी शिकायत दलितों ने पुलिस में की है पुलिस ने तीन अंकों को गिरफ्तार भी कर लिया था और कार्रवाई भी की थी पर डाल्टन का कहना यह है कि यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं मानी जा रही है कहीं ना कहीं श्रावणों को पुलिस बचा रही है अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है दो-तीन दिन पहले दलित समाज के नेता रावण भी मध्य प्रदेश आने की बात कह रही थी और जिस दलित युवक के साथ अत्याचार हुआ है उसे उन्होंने मोबाइल पर बात कर कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है मैं आ रहा हूं सब ठीक कर दूंगा इसका कहना तो यही है कि रावण के हाथ में सब कुछ है भीम आर्मी जो चाहे कुछ भी कर सकती है चरणों के ऊपर कुछ भी कर सकते जिस आत्मविश्वास के साथ रावण ने ऐसा कहा है इससे तो यही होता है कि जो कुछ भी दलित कर रहे हैं वह भीम आर्मी के प्रमुख रावण के कहने पर ही कर रहे हैं अब सवाल लोगों ने महापंचायत बुलाकर डाल्टन का बहिष्कार कर दिया है उन्हें काम करना बंद कर दिया गया है कौन है आप खेती भी बताई पर नहीं दी जाएगी उनसे सारे संबंध तोड़ दिए गए हैं यह सब सुनकर मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेसी नेता को इतना बुरा लगा कि उन्होंने यहां तक का दल की क्या मध्य प्रदेश में ऐसी ऐसी एक्ट लागू है या बंद हो गया है फिलहाल पुलिस जांच कर रही है यदि सच में डाल्टन के ऊपर अत्याचार हुआ है वह भी रिपोर्ट पुलिस पेश करेगी किसका दोस्त है जो दोषी होगा उसके ऊपर कारवाई होगी।

---

# नया भारत-हरा भारत यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना



**विशेष संवाददाता**

इंदौर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित पैडल टू प्लांट कार्यक्रम 'नया भारत-हरा भारत' की यात्रा पर निकल रही प्रदेश की बेटी अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही सुश्री अंजना यादव को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से रविवार को झंडी दिखाकर रवाना किया। पेडल टू प्लांट कार्यक्रम, नया भारत हरा भारत के अंतर्गत सुश्री अंजना यादव और उनकी टीम के द्वारा अरुणाचल प्रदेश से गुजरात 4 हजार किलोमीटर साइकिल से सफर तय किया जाएगा। इसके अंतर्गत वे भारत की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश देंगी। सुश्री अंजना यादव सरदार वल्लभभाई पटेल के एकीकृत, सशक्त और प्रगतशील भारत के दृष्टिकोण को भी प्रचारित करेंगी।सुश्री अंजना यादव रायसेन जिले के ग्राम सेमारी की रहने वाली हैं, जो 5 वर्षों से माउंटेनियर के रूप में सक्रिय हैं। सुश्री अंजना यादव अब तक 20 अंतर्राष्ट्रीय पर्वतों पर चढ़ाई कर चुकी हैं। अब उनका अगला लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट ऐवरेस्ट पर वर्ष-2026 में सफलता प्राप्त करना है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अक्टूबर को फूड एंड ड्रग लेब का करेंगे लोकार्पण



**विशेष संवाददाता**

इंदौर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अक्टूबर को सांवेर के तलावली चांदा में 8 करोड 30 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित फूड एंड ड्रग लेब का लोकार्पण करेंगे। इस संबंध में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सांवेर के तलावली चांदा में 8 करोड 30 लाख की लागत से नवनिर्मित फूड एंड ड्रग लेब का लोकार्पण करेंगे। इस संबंध में आज मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने नवनिर्मित फूड एंड ड्रग लेब का निरीक्षण किया और गृह निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लोकार्पण कार्यक्रम हेतु पुलिस, साफ-सफाई एवं अन्य व्यापक तैयारियां किये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रोशन राय, गृह निर्माण मंडल के उपायुक्त प्रमोद पराते, कार्यपालन यंत्री श्री आनंद जैन, थाना प्रभारी तारेश सोनी, पार्षद योगेन्द्र गेंदर, राकेश सोलंकी, रितेश पाल, कैलाश चौहान, झोनल आफिसर संतोष घोलपूरिया सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।